# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

संख्या :लविवि / पनिका / 2019-034
दिनांकः 04.02.2019

सेवा में,

संकायाध्यक्ष, वाणिज्य संकाय
समस्त विभागाध्यक्ष एवं शिक्षकगण वाणिज्य संकाय।
समस्त प्राचार्य / प्राचार्या, बी0काम0 पाठ्यक्रम संचालित करने वाले महाविद्यालय।
लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

महोदय / महोदया,

कृपया अवगत कराना है कि नवीन स्नातक कक्षाओं की सम सेमेस्टर परीक्षाऐं एम0सी0क्यू0 प्रश्न पत्रों पर आधारित करायी जानी है। उक्त परीक्षाओं हेतु प्रश्न पत्रों के निर्माण हेतु वाणिज्य संकाय से सम्बन्धित के संकायाध्यक्ष, समस्त विभागाध्यक्ष एवं शिक्षकगणों एवं राजकीय महाविद्यालयों, अनुदानित महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों की एक बैठक दिनांक 08.02.2019 को 3.00 बजे मालवीय सभागार, लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित की गयी है।

यह भी सूचित करना करना है कि उक्त बैठक में स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम संचालित करने वाले सहयुक्त महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों को अपने अनुमोदन पत्र की छायाप्रति के साथ बैठक में प्रतिभाग करना आवश्यक है।

अतः सभी सम्मानित सदस्यों से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि एंव समय पर बैठक में प्रतिभाग करने की कृपा करें।

भवदीय,
(हस्ताक्षर)
परीक्षा नियंत्रक
लखनऊ विश्वविद्यालय।

**पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः** उपरोक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक प्रतिकुलपति को मा0 प्रतिकुलपति जी के अवलोकनार्थ।
3. कुलसचिव।
4. कुलानुशासक।
5. निदेशक, आई0पी0पी0आर0।
6. सम्बन्धित प्राचार्यो को इस आशय से प्रेषित की अपने महाविद्यालय से सम्बन्धित समस्त शिक्षकों को सूचित करने की कृपा करें।
7. कार्य अधीक्षक, निर्माण विभाग को इस आशय से प्रेषित कि समयानुसार मालवीय सभागार खुलवाने का कष्ट करें।
8. उपकुलसचिव परीक्षा को इस आशय से प्रेषित की बैठक में उपस्थित रहने का कष्ट करें।
9. परीक्षा नियंत्रक कार्यालय।

(हस्ताक्षर)
परीक्षा नियंत्रक
लखनऊ विश्वविद्यालय।